सूची-I	सूची-II
(A) सावित्री देवी	(i) उदयपुर
(B) भगवती देवी	(ii) जोधपुर
(C) लक्ष्मी देवी आचार्य	(iii) कोटा
(D) कुमारी कुसुम गुप्ता	(iv) बीकानेर

कूट :

(a) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iii)
(b) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iv)
(c) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)
(d) (A)-(i), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(iv)

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या –

सूची-I	सूची-II
(A) सावित्री देवी भाती	जोधपुर
(B) भगवती देवी	उदयपुर
(C) लक्ष्मी देवी आचार्य	बीकानेर
(D) कुमारी कुसुम गुप्ता	कोटा

(vii) राजस्थान का एकीकरण

707. अधोलिखित (लोक देवता-मुख्य तीर्थस्थल) में से कौन-सा युग्म असंगत है?

(a) तेजाजी-परबतसर (नागौर)
(b) देवनारायण जी- आसींद (भीलवाड़ा)
(c) पाबूजी-कोलू गाँव (फलोदी)
(d) तल्लीनाथ जी-कतरियासर (बीकानेर)

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : तल्लीनाथ जी जालौर जिला के अत्यंत प्रसिद्ध लोक देवता है। इनका वास्तविक नाम गांगदेव राठौड़ था। तल्लीनाथ जी को जालौर क्षेत्र के लोग 'ओरण' मानते हैं। पंचमुखा पहाड़ी पर तल्लीनाथ जी का पूजा स्थल है। अतः विकल्प (d) सही सुमेलित नहीं है, अन्य विकल्प सही सुमेलित है।

708. अधोलिखित कथनों को सावधानीपूर्वक पढ़िए -

(i) 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध में, मेवाड़ में देश हितेषिणी सभा की स्थापना की गयी।

(ii) सभा का मुख्य उद्देश्य समाज सुधार था।

सही कूट चुनिए -

(a) केवल कथन (i) सत्य है
(b) केवल कथन (ii) सत्य है
(c) न तो (i) ना ही (ii) सत्य है
(d) दोनों कथन सत्य हैं

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (d) : 2 जुलाई, 1877 को उदयपुर के शासकों व सामंतों के विवाह संबंधी खर्च को कम करने के लिए 'देश हितेषणी सभा' की स्थापना की गई। पुनः फरवरी, 1889 में अजमेर में 'हितकारिणी सभा' कर्नल वाल्टर की प्रेरणा से स्थापित की गई। इस सभा द्वारा पारित नियमों का पालन करना प्रत्येक राजपूत का कर्त्तव्य था। इन सभाओं का मुख्य उद्देश्य समाज सुधार था।

709. 'बृहद् राजस्थान' का उद्घाटन 30 मार्च, 1949 को किसने किया?

(a) पं. जवाहरलाल नेहरू (b) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(c) एन.वी. गाडगिल (d) हीरालाल शास्त्री

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (b) : बृहद राजस्थान का उद्घाटन 30 मार्च, 1949 ई. को सरदार बल्लभ भाई पटेल ने किया। इसकी राजधानी जयपुर बनाई गयी। पं. हीरालाल शास्त्री को प्रथम मुख्यमंत्री बनाया गया। बाद में इसी तिथि को (30 मार्च) राजस्थान दिवस के रूप में घोषित किया गया। राजस्थान का पूर्ण राजनीतिक एकीकरण सात चरणों में 1नवम्बर, 1956 ई. में संपन्न हुआ।

710. राजस्थान दिवस मनाया जाता है-

(a) 15 मई (b) 1 अप्रैल
(c) 1 नवम्बर (d) 30 मार्च

Head Cleark Combined Exam-2018
स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (d) उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

711. राजस्थान का एकीकरण कितने चरणों में पूरा हुआ?

(a) आठ (b) पाँच
(c) छह (d) सात

स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा-2019 (21 मार्च, 2021)

Ans. (d) राजस्थान का एकीकरण 7 चरणों में पूर्ण हुआ। राजस्थान के एकीकरण का अन्तिम चरण 1 नवंबर, 1956 को पूर्ण हुआ और राजस्थान अपने वर्तमान स्वरूप में आया।

712. संयुक्त राजस्थान का प्रथम प्रधानमंत्री कौन था?

(a) महाराजा राणा उदयभानुसिंह
(b) गोकुललाल असावा
(c) हीरालाल शास्त्री
(d) माणिक्यलाल वर्मा

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (d) : राजस्थान एकीकरण के तृतीय चरण में 18 अप्रैल 1948 को संयुक्त राजस्थान का निर्माण हुआ। इसके प्रथम प्रधानमंत्री माणिक्यलाल वर्मा थे। राजस्थान का एकीकरण 7 चरणों में सम्पन्न हुआ।

713. अजमेर क्षेत्र का राजस्थान में किस वर्ष में सम्मिलित किया गया था?

(a) 1946 (b) 1950
(c) 1956 (d) 1951

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (c) अजमेर क्षेत्र को राजस्थान में राजस्थान के एकीकरण के सप्तम चरण में 01 नवम्बर, 1956 को सम्मिलित किया गया। सप्तम चरण में राजस्थान में आबु-दिलवाड़ा, अजमेर-मेरवाड़ा व मदसौर (म0प्र0) के सुनेल टप्पा क्षेत्र का विलय कर एकीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई। आधुनिक राजस्थान के मध्य में स्थित अजमेर नगर की स्थापना 12वीं शताब्दी में चौहान शासक अजयदेव, अजयराज अथवा अजय पाल ने की थी।

714. मत्स्यसंघ का राजप्रमुख किसे नियुक्त किया गया था?

(a) करौली का महाराजा (b) धौलपुर का महाराजा
(c) भरतपुर का महाराजा (d) अलवर का महाराजा

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I